**Fourteenth Loksabha**

**Session : 8**
**Date : 28-07-2006**

**Participants : Singh Shri Ganesh**

>

Title : Alleged derogatory remarks made against Hindu deities in a textbook of M.A. course of IGNOU.

**श्री गणेश सिंह (सतना)** : सभापति महोदय, मैं एक महत्वपूर्ण विाय सदन के सामने रखना चाहता हूं। पिछले कुछ समय से देश में जो धार्मिक आस्था के प्रतीक हैं और जो स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े हुए महापुरु हैं, उनके बारे में प्रतिकूल टिप्पणियां लिखकर पाठ्यक्रमों के साथ जोड़ा जाता है जो कि अत्यंत

---

* Not Recorded

दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं इसी तरह की एक घटना का उल्लेख कर रहा हूं। इंदिरा गांधी राट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने एम.ए. के पाठ्यक्रम की एक पुस्तक में हिन्दुओं की आस्था के प्रतीक भगवान शंकर एवं जगद्जननी माँ दुर्गा के बारे में आपत्तिजनक उद्धरण दिये हैं जो घोर अपमानजनक हैं। हिन्दू धर्म के आराध्यों के बारे में इस तरह की टिप्पणियां करना पूरे हिन्दुओं का अपमान है जो कि बर्दाश्त के बाहर है। मेरी मांग है कि इस विश्वविद्यालय की मान्यता रद्द की जाए। साथ ही ऐसे लेखक एवं कुलपति के विरुद्ध आपराधिक मुकदमा कायम करके उन्हें गिरफ्तार किया जाए।